अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

दृष्टि at a glance... IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

17 OCT. 2023

USEFUL FOR

**IAS | PCS**

& other civil services exams




**Sunil Lawania**

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza, Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

1. **विश्व खाद्य दिवस : 16 अक्टूबर**




- विश्व खाद्य दिवस (World Food Day) हर साल 16 अक्टूबर को मनाया जाता है.
- हर वर्ष इस दिवस का मुख्य फोकस दुनिया भर में खाद्य सुरक्षा को आगे बढ़ाने पर होता है.
- विश्व खाद्य दिवस की स्थापना 1945 में संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) द्वारा की गई थी.
- वर्ष 2023 के लिए विश्व खाद्य दिवस का थीम "Water is life, water is food. Leave no one behind" है.

2. **देश के बाहर अंबेडकर की सबसे बड़ी प्रतिमा का अनावरण**



- वॉशिंगटन में भारत के संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 19 फीट की मूर्ति का अनावरण किया गया है।
- ये देश से बाहर उनकी सबसे बड़ी प्रतिमा है।
- वॉशिंगटन के मैरीलैंड में अनावरण के दौरान 500 से ज्यादा भारतीय मूल के लोग मौजूद रहे।

3. **सबसे युवा 3 नागा बटालियन को 'प्रेसिडेंट कलर' मिला**



- आर्मी चीफ जनरल मनोज पांडे ने कुमाऊ रेजिमेंटल सेंटर (KRC) में नागा रेजिमेंट (3 नागा ) को राष्ट्रपति सम्मान से नवाजा है।
- यह सम्मान देश की सेवा करने के लिए सैन्य इकाई को दिया जाता है।
- राष्ट्रपति सम्मान 'प्रेसिडेंट कलर' को 'निशान' भी कहा जाता है।
- 'प्रेसिडेंट कलर' को राष्ट्रपति या उनकी अनुपस्थिति मेंसेना अध्यक्ष देते हैं।
- नागा बटालियन का गठन 1 अक्टूबर 2009 को हल्द्वानी घाटी में हुआ था।

4. **क्रिस्टोफर लक्सन न्यूजीलैंड के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री चुने गए**



- हाल ही में न्यूजीलैंड में संपन्न हुए आम चुनाव में पूर्व कारोबारी और राजनेता क्रिस्टोफर लक्सन (Christopher Luxon) ने निर्णायक जीत हासिल की और उन्हें देश का नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री चुना गया है.
- वर्तमान में क्रिस हिप्किंस न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री है जिनका स्थान लक्सन लेंगे.
- क्रिस्टोफर लक्सन न्यूजीलैंड के 42वें प्रधानमंत्री होंगे.

5. **गोवा में अभ्यास CHAKRAVAT 2023 का आयोजन किया**




- भारतीय नौसेना की मेजबानी गोवा में तीन दिवसीय वार्षिक मानवीय सहायता और आपदा राहत अभ्यास 'चक्रवात' के 2023 संस्करण की शुरुआत हुई।

- अभ्यास 'चक्रवात' 2023 में तीनों सशस्त्र बल, अर्धसैनिक बल और कई आपदा मोचन संगठन भाग ले रहे हैं।
- वार्षिक संयुक्त मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) अभ्यास 'चक्रवात' का आयोजन 9 से 11 अक्टूबर तक गोवा में भारतीय नौसेना द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

6. **128 साल बाद ओलिंपिक में क्रिकेट खेला जाएगा**



- अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के कार्यकारी बोर्ड ने 2028 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक में क्रिकेट खेल को शामिल करने का निर्णय लिया है.
- क्रिकेट आखिरी बार ओलिंपिक में 1900 में खेला गया था. साल 2028 में होने वाले ओलंपिक में क्रिकेट के साथ-साथ बेसबॉल, सॉफ्टबॉल, फ़्लैग फ़ुटबॉल (नॉन-कॉन्टैक्ट अमेरिकन फ़ुटबॉल), स्क्वैश और लैक्रोस (Lacrosse) खेलों को भी शामिल किया गया है.

7. **मनसुख मांडविया ने नागालैंड के पहले मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन किया**



- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने नागालैंड के पहले मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन किया.
- मांडविया ने 'नागालैंड इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च' (एनआईएमएसआर) का उद्घाटन किया जो नागालैंड विश्वविद्यालय से संबद्ध है.
- शैक्षणिक सत्र 2023-2024 में 100 एमबीबीएस छात्रों को प्रवेश देने की अनुमति दी गई है.
- नागालैंड पूर्वोत्तर भारत में म्यांमार की सीमा से लगा हुआ एक राज्य है.

8. **रोहित शर्मा वनडे क्रिकेट इतिहास में 300 छक्के लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बने**




- भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा वनडे क्रिकेट इतिहास में 300 छक्के लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए है.
- इसके साथ ही रोहित शर्मा वनडे क्रिकेट इतिहास में 300 छक्के लगाने वाले विश्व के तीसरे बल्लेबाज भी बन गए है.
- उन्होंने यह उपलब्धि अहमदाबाद में पाकिस्तान के खिलाफ वनडे विश्व कप 2023 मैच के दौरान हासिल की.
- पाकिस्तान के पूर्व बल्लेबाज शाहिद अफरीदी एकदिवसीय क्रिकेट में सर्वाधिक 351 छक्कों के साथ इस लिस्ट में टॉप पर है.

9. **वियतनाम में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रवीन्द्रनाथ टैगोर की प्रतिमा का अनावरण किया**



- हाल ही में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने वियतनाम में रवीन्द्रनाथ टैगोर की प्रतिमा का अनावरण किया.
- विदेश मंत्री वियतनाम की चार दिन की यात्रा के दौरान इस प्रतिमा का अनावरण किया.
- साथ ही उन्होंने कहा कि वियतनाम ने 1982 में टैगोर के सम्मान में एक स्मारक डाक टिकट जारी किया था.
- वियतनाम एक दक्षिण एशियाई देश है इसकी राजधानी हनोई है.

**10. स्किल इंडिया ने रिटेलर स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के लिए कोका-कोला इंडिया के साथ साझेदारी की**



- राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) ने ओडिशा और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में खुदरा विक्रेता समुदाय को सशक्त बनाने के लिए रिटेलर स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत कोका-कोला इंडिया के साथ एक समझौता किया है.
- इस अवसर पर कोका-कोला इंडिया एंड साउथवेस्ट एशिया के अध्यक्ष संकेत रे भी उपस्थित थे.
- इस साझेदारी के तहत, तीन वर्षों में देश के प्रमुख राज्यों में खुदरा विक्रेताओं को कौशल युक्त बनाना है.

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

1. **विश्व खाद्य दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है?**
   (a) 14 अक्टूबर
   (b) 15 अक्टूबर
   (c) 16 अक्टूबर
   (d) 17 अक्टूबर
2. **देश के बाहर अंबेडकर की सबसे बड़ी प्रतिमा का अनावरण कहां किया गया है?**
   (a) वॉशिंगटन
   (b) मैरीलैंड
   (c) सऊदी अरब
   (d) इनमें से कोई नहीं
3. **किस बटालियन को प्रेसिडेंट कलर अवॉर्ड से नवाजा गया है?**
   (a) पैराशूट
   (b) बिहार
   (c) नागा
   (d) इनमे से कोई नही
4. **न्यूजीलैंड के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री कौन चुने गए है?**
   (a) क्रिस्टोफर लक्सन
   (b) हेनरी क्लार्क
   (c) जेसिंडा अर्डर्न
   (d) क्रिस हिप्किंस
5. **हाल ही में भारतीय नौसेना ने वार्षिक संयुक्त मानवीय सहायता और आपदा राहत अभ्यास CHAKRAVAT 2023 का आयोजन कहाँ किया?**
   (a) कोच्चि
   (b) मुंबई
   (c) गोवा
   (d) इनमें से कोई नहीं
6. **अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने किस खेल को 2028 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक में शामिल किया है?**
   (a) स्क्वैश
   (b) क्रिकेट
   (c) बेसबॉल
   (d) उपर्युक्त सभी
7. **नागालैंड के पहले मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन किसने किया?**
   (a) अमित शाह
   (b) राजनाथ सिंह
   (c) अनुराग ठाकुर
   (d) मनसुख मांडविया
8. **वनडे क्रिकेट इतिहास में 300 छक्के लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज कौन बने है?**
   (a) सूर्य कुमार यादव
   (b) विराट कोहली
   (c) हार्दिक पांड्या
   (d) रोहित शर्मा
9. **हाल ही में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने किस देश में रवीन्द्रनाथ टैगोर की प्रतिमा का अनावरण किया?**
   (a) बांग्लादेश
   (b) वियतनाम
   (c) थाईलैंड
   (d) अर्जेंटीना
10. **स्किल इंडिया ने रिटेलर स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के लिए किसके साथ साझेदारी की है?**
   (a) रिलायंस जिओ
   (b) टाटा स्टील
   (c) कोका-कोला इंडिया
   (d) टेक महिन्द्रा

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (c) | (a) | (c) | (a) | (c) | (d) | (d) | (d) | (b) | (c) |